बिहार सरकार
स्वास्थ्य निदेशालय
<u>आदेश</u>

आ0सं0–6 / एन–08–91 / 2022............ / पटना–15, दिनांक–

दशरथ प्रसाद सिंह ट्रस्ट फार इन्स्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड कम्युनिटी डेवलपमेंट, नरसिंहपुर, भाया रमना, मुशहरी, मुजफ्फरपुर द्वारा प्रस्तावित नूतन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, ग्राम–धनहरा, मानिक चौक, जिला–सीतामढ़ी–843323 के अन्तर्गत एम0एस0सी0 (नर्सिंग) पाठ्यक्रम की स्थापना के लिए अनुमति हेतु आवेदन, शपथ–पत्र एवं अन्य अभिलेख समर्पित किया गया।

(2) सम्यक विचारोपरांत नर्सेज ट्रेनिंग–रिकोगनिशन एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ इक्जामिनेशंस ऑफ स्कूल ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 के नियम–04 के उपनियम–II के अन्तर्गत वर्णित प्रावधानानुसार नूतन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, ग्राम–धनहरा, मानिक चौक, जिला–सीतामढ़ी–843323 के नाम से एम0एस0सी0 (नर्सिंग) संस्थान की स्थापना के लिए अनुमति प्रदान की जाती है।

(3) भारतीय उपचर्या परिषद (INC), नई दिल्ली द्वारा निर्गत मार्गदर्शन तथा स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–116(6) दिनांक–15.02.2017 एवं आदेश ज्ञापांक–704(6), दिनांक–15.06.2020 में दिए निदेश के आलोक में संस्थान द्वारा भवन निर्माण करने एवं नियमानुसार भौतिक संसाधनों एवं मानव संसाधनों की उपलब्धता के पश्चात् संस्थान द्वारा मान्यता के लिए स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को आवेदन पत्र आदेश ज्ञापांक–989(6), दिनांक–05.08.2019 द्वारा निर्गत चेकलिस्ट में निर्धारित दस्तावेज के साथ समर्पित करना होगा। मान्यता प्राप्ति के पश्चात् ही विद्यार्थियों का नामांकन कर पठन–पाठन का कार्य आरंभ होगा। साथ ही विद्यार्थियों के नामांकन के पूर्व विश्वविद्यालय से सम्बधता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(4) संस्थान को मान्यता के लिए आवेदन आदेश निर्गत की तिथि से अधिकतम 9 माह के अन्दर समर्पित करना होगा। निर्धारित अवधि के अन्दर मान्यता आवेदन समर्पित नहीं करने की स्थिति में अनुमति आदेश स्वतः रद्द समझा जायेगा तथा नये सिरे से अनुमति के लिए आवेदन समर्पित करना होगा।

ह0 / –
(डॉ0 महेश्वर प्रसाद गुप्ता)
निदेशक प्रमुख,
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–6 / एन–08–91 / 2022 958(6)   पटना, दिनांक:–30/08/2022

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / अपर सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / निबंधक, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सचिव, नूतन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, ग्राम–धनहरा, मानिक चौक, जिला–सीतामढ़ी–843323 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 30.8.22

निदेशक प्रमुख,
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।